# अमृता हाट स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के लिए महत्वपूर्ण प्लेटफार्म : कल्ला

**बीकानेर,** (कासं)। शिक्षा मंत्री डॉ. बी. डी. कल्ला ने कहा कि अमृता हाट के जरिए महिला स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण प्लेटफार्म उपलब्ध हो पा रहा है। डॉ. कल्ला ने आज संभाग स्तरीय अमृता हाट मेले का अवलोकन करते हुए ये बात कही।

उन्होंने कहा कि मेले में प्रदर्शित उत्पाद की अधिक से अधिक बिक्री के लिए मेले का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए और शहर के विभिन्न वर्गों तक मेले की सूचना पहुंचाएं। डॉ. कल्ला ने मेले में प्रदर्शित विभिन्न स्टाल का अवलोकन किया और महिला को स्वरोजगार के लिए एस. एच. जी. से जुड़ने के लिए प्रेरित किया।

डॉ. कल्ला ने अवलोकन कर महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा तैयार किए गए उत्पाद भी खरीदे। उन्होंने सांगरी, केर, अचार सहित विभिन्न उत्पादों की सराहना की और चखकर उत्पादों की गुणवत्ता भी जांची। डॉ कल्ला ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा महिला अधिकारिता विभाग के माध्यम से महिला सशक्तिकरण की दिशा में विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही है। अमृता हाट मेले में महिलाओं को मार्केटिंग का कौशल सीखने का अवसर भी मिल रहा है। शिक्षा मंत्री ने अमृता हाट में स्थापित की गई विभिन्न विभागों की स्टाल का भी निरीक्षण किया और विभिन्न योजनाओं की महिलाओं को जानकारी देने के निर्देश दिए।



शिक्षा मंत्री डॉ. बी. डी. कल्ला ने संभाग स्तरीय अमृता हाट मेले का अवलोकन किया।

- डॉ. कल्ला ने अमृता हाट का अवलोकन कर महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा तैयार किए गए उत्पाद भी खरीदे
- उन्होंने सांगरी, केर, अचार सहित विभिन्न उत्पादों की सराहना की और चखकर उत्पादों की गुणवत्ता भी जांची

उन्होंने महिला अधिकारिता विभाग की उपनिदेशक मेघा रतन से एस. एच. जी. की महिलाओं के ठहरने, खानपान साफ-सफाई सहित विभिन्न व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली और कहा कि महिलाओं को यहां रहने के दौरान समस्त सुविधाएं मिले यह सुनिश्चित किया जाए।

उपनिदेशक, महिला अधिकारिता विभाग मेघा रतन ने बताया कि सम्भागीय स्तरीय अमृता हाट मेले के दूसरे दिन गुरूवार को खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें ग्रामीण हाट में आये स्वयं सहायता समूह की महिलाएं एवं अन्य महिलाओं द्वारा रस्साकस्सी, म्यूजिकल चेयर, चमच्च दौड़ प्रतियोगिता में भाग लिया गया। चमच्च दौड़ में प्रथम सुनीता, द्वितीय मीरा उमंग, तृतीय संतोष और म्यूजिकल चेयर में शोभा माली प्रथम तथा रस्साकस्सी में अभिलाषा की टीम प्रथम रही। सभी विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि महिलाओं को आयुर्वेदिक विभाग द्वारा योग गतिविधियां भी कार्यवाई गई।

पहले दिन 2,05,000 रूपये की बिक्री हुई और आज के लकी ड्रॉ के विजेता शराफत हुसैन (बीकानेर), प्रियंका चौधरी कॉलोनी तथा प्रीति कोचर बीकानेर और सात सांत्वना पुरस्कार अंकिता गोल मार्केट, राजेन्द्र चाहर बीकानेर, कपिल के. के. कॉलोनी, तीजा देवी शिंजगुरु, सुशीला पवनपुरी, वागीर बीकानेर, राजेन्द्र सिंह पंवार बीकानेर को प्रदान किया गया। उन्होंने बताया कि 09 दिसम्बर को फैशन शो और नृत्य शो का कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा।

**आत्मरक्षा के गुर सिखाए :** सूरतगढ़ में स्व. गुरुशरण छाबड़ा राजकीय कॉलेज में दो दिवसीय सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग एवं व्यक्तित्व विकास कैम्प का शुक्रवार को महाविद्यालय के रोवर्स रेंजर्स, एनएसएस एवं एनसीसी के संयुक्त तत्वावधान में शुभारंभ किया गया। ट्रेनर चित्रा बिश्नोई व अंकिता बिश्नोई ने कॉलेज की छात्राओं को प्रशिक्षण देने के दौरान विकट परिस्थितियों में स्वयं की आत्मरक्षा के गुर सिखाए।

कॉलेज प्रिंसिपल सुखजीत कौर, सह आचार्य जी. एस. बाजवा, एम. एल. बाजवा, डॉ. सुनील पूनिया एवं लक्ष्मी नंदा ने बच्चियों को आत्मरक्षा, सुरक्षा तथा अपने व्यक्तित्व विकास के लिए प्रेरित किया। दो दिवसीय इस कैम्प में बालिकाएं अपनी आत्म सुरक्षा के विभिन्न गुर सीखने के साथ-साथ अपने व्यक्तित्व के विकास के विभिन्न तरीके भी सीखेंगी।

शनिवार को कैम्प के दूसरे दिन सूरतगढ़ सिटी थानाधिकारी रामकुमार लेघा, मानव अधिकार दिवस के उपलक्ष पर महिला सुरक्षा एवं आत्म सम्मान के विधिक पहलुओं पर अपने व्याख्यान से छात्राओं को लाभान्वित करेंगे।

## खादी फैशन शो 22 को

**बीकानेर,** (कासं)। खादी को आमजन में लोकप्रिय बनाने और खादी उत्पाद के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से रविन्द्र रंगमंच में 22 दिसम्बर को खादी फैशन शो आयोजित किया जायेगा। इस फैशन शो में कॉलेज स्टूडेंट्स द्वारा खादी आधारित वस्त्रों के डिजाइन व परिधानों का प्रदर्शन किया जायेगा।

अतिरिक्त संभागीय आयुक्त ए. एच. गौरी ने बताया कि संभागीय आयुक्त के निर्देश पर इस संबंध में विभिन्न एंजेसियों के साथ शुक्रवार को बैठक कर तैयारियों की चर्चा की गई। फैशन शो में वस्त्र उद्योग में कार्यरत संस्थान, बुटिक और डिजाइनिंग से जुड़े अन्य संस्थानों को भी खादी आधारित वस्त्रों की डिजाइन प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा।

खादी फैशन शो में भागीदारी के इच्छुक निजी बुटिक, टेलर व अन्य संबंधित संस्थान 15 दिसम्बर तक अपनी भागीदारी के सम्बंध में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी खादी विभाग से प्राप्त की जा सकती है। अतिरिक्त संभागीय आयुक्त ने बताया कि खादी फैशन शो में महारानी सुदर्शन कॉलेज, जैन गर्ल्स कॉलेज, महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज सहित मेडिकल व इंजीनियरिंग कॉलेज के विद्यार्थियों को प्रतिभागी बनाया जायेगा। इस आयोजन में शहर की खादी एवं ग्रामोद्योग संस्थान, खादी बोर्ड व खादी से जुड़ी अन्य समितियों की भी भागीदारी रहेगी। उन्होंने बताया कि फैशन शो में हर आयु वर्ग के लिए खादी वस्त्रों का प्रदर्शन किया जायेगा। गौरतलब है कि खादी बोर्ड द्वारा वर्तमान में रानी बाजार औद्योगिक क्षेत्र के खादी मंदिर में खादी प्रदर्शनी भी आयोजित की जा रही है।

## सार-समाचार

### भूमि नामांतरण के मुद्दों पर चर्चा



**बीकानेर,** (कासं)। रक्षा संस्थानों, राजस्व व उपनिवेशन के बीच भूमि नामान्तरण के मुद्दे पर चर्चा के लिए शुक्रवार को संभागीय आयुक्त डॉ नीरज के. पवन की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। संभागीय आयुक्त कार्यालय सभागार में आयोजित इस बैठक में डॉ पवन ने कहा कि भूमि नामान्तरण के विभिन्न मुद्दों को हल करने के लिए संबंधित पक्षों की समिति द्वारा शीघ्र एक संयुक्त सर्वे किया जाए। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग इस संबंध में विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करें। इन मुद्दों के समाधान के लिए समन्वित प्रयास किए जाने की आवश्यकता है। डॉ पवन ने कहा कि भूमि नामान्तरण के जिन प्रस्तावों को उच्च स्तर पर सुलझाया जाना है, उनके संबंध में प्रस्ताव तैयार कर भिजवाएं। बैठक में अतिरिक्त संभागीय आयुक्त ए. एच. गौरी, अतिरिक्त जिला कलेक्टर (प्रशासन) ओमप्रकाश, नगर विकास न्यास सचिव यशपाल आहूजा, उपखंड अधिकारी बीकानेर अशोक बिश्नोई सहित सेना, बीएसएफ के अधिकारी उपस्थित थे।

### पीर बाबा का उर्स प्रारंभ

**बीकानेर,** (कासं)। सैय्यद कमाल शाह- बालक शाह पीर बाबा का उर्स शुक्रवार की शाम मदार चौक, मोहल्ला चूनगरान में झंडे की रस्म के साथ शुरू हुआ। चार दिवसीय उर्स के तहत कुरानखानी, मिलादखानी, चादरखानी, देग के कार्यक्रम होंगे। दरगाह इंतजामिया कमेटी के सदर हाजी अहमद हसन कादरी ने बताया कि उर्स का आगाज शुक्रवार की शाम झंडे की रस्म से हुआ। कार्यक्रम में दरगाह हजरत महबूब बख्श चिश्ती (रह) के सज्जादानशीन पीर गुलाम अल्लाह बख्श चिश्ती ने उर्स का झंडा चढ़ाकर उर्स का शुभारंभ किया और मुल्क में अमन चैन और खुशहाली की दुआ की। कार्यक्रम में दरगाह इंतजामिया कमेटी के अली मोहम्मद चिश्ती, आशिक मोहम्मद, हाजी मौला बख्श, शब्बीर अहमद सहित गणमान्य शामिल थे। रात को गुसल की रस्म के बाद सलातो सलाम पेश किया गया। जिसमें अली मोहम्मद चिश्ती एंड पार्टी, अकील-फैजान मिलाद पार्टी ने सलाम पेश किया। कादरी ने बताया कि शनिवार को चादर की रस्म होगी। प्रतिदिन कुरानखानी, मिलादखानी होगी। सोमवार की शाम कुल की रस्म के साथ उर्स मुबारक संपन्न होंगे। उर्स के दौरान राष्ट्रीय एकता अभियान के प्रदेशाध्यक्ष हाफिज फरमान अली, इफ्तेखार अहमद, इंतजामिया कमेटी की ओर से देग चढ़ाई जायेगी।

### पीसीसी सचिव से फीडबैक लिया

**बीकानेर,** (कासं)। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से जमीनी स्तर के नेता व कार्यकर्ता भी जुड़ रहे हैं। राहुल खुद इन कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों से मिलकर बातचीत कर रहे हैं। भारत जोडो यात्रा में राहुल गांधी के साथ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव जियाउर रहमान आरिफ को कदम से कदम मिलाने का मौका मिला। बातचीत के दौरान राहुल ने उनसे संगठन का फीडबैक लिया। आरिफ ने अवगत करवाया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी जी जान से अगले चुनावों की तैयारियों के लिए जुटी हुई है। आरिफ ने राहुल से प्रदेश में संगठनात्मक नियुक्तियां जल्द करवाने का आग्रह किया। आरिफ ने राहुल से उनकी पहली मुलाकात के बारे में जिक्र करते हुए अवगत कराया कि राहुल जब छोटे थे तब राजभवन लखनऊ में वो अपने पिता पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के साथ आये थे, तब उनसे मुलाकात हुई थी। क्योंकि उस दौरान आरिफ के दादा मोहम्मद उस्मान आरिफ उत्तरप्रदेश के राज्यपाल हुआ करते थे।

### छात्रा नुपूर पंवार बनी स्ट्रांग वूमेन



**बीकानेर,** (कासं)। महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय बीकानेर के तत्वावधान में डीएवी महाविद्यालय श्रीगंगानगर में आयोजित पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता के अंतर्गत 52 किलो भार वर्ग में जैन कन्या पी जी महाविद्यालय की छात्रा नुपूर पंवार ने स्वर्ण पदक जीता है। साथ ही नुपूर पंवार को स्ट्रांग वूमेन के खिताब से नवाजा गया। नुपूर की इस सफलता पर प्राचार्य डॉ संध्या सक्सेना ने नुपुर को बधाई दी एवं सभी संकाय सदस्यों ने इसे महाविद्यालय के लिए बड़ी उपलब्धि बताया। श्री जैन पाठशाला सभा के अध्यक्ष विजय कुमार कोचर व सचिव माणक कोचर ने नुपूर पंवार को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए आगामी प्रतियोगिताओं में और अधिक उत्साह से भाग लेने की प्रेरणा दी। खेल प्रशिक्षक अरूण सक्सेना ने बताया कि नुपूर ने लगातार दूसरे साल गोल्ड मैडल जीतकर संभाग में महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। नुपूर अब ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेगी।

# रानीबाजार आरयूबी का निर्माण फिर अधरझूल में अटका

- बॉक्स और एल टाइप वॉल बनकर तैयार पड़े हैं, लेकिन इन्हें लगाने की तारीख तय नहीं हो पा रही है

**बीकानेर,** (कासं)। रोजाना 50 हजार लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बनाया जा रहा रानीबाजार अंडरब्रिज यूआईटी और रेलवे के बीच उलझकर रह गया है। आरयूबी के लिए बॉक्स और एल टाइप वॉल छह माह से बनकर तैयार पड़े हैं, लेकिन यूआईटी और रेलवे की ढिलाई के कारण इन्हें लगाने के लिए ब्लॉक की तारीख तय नहीं हो पा रही है।

रानीबाजार औरअम्बेडकर सर्किल की तरफ से रोजाना करीब 50 हजार लोगों का आना-जाना होता है। रेलवे क्रॉसिंग बंद होने के कारण मेडिकल कॉलेज रोड पर बने पुल से गुजरना पड़ रहा है। इस परेशानी को दूर करने के लिए 5.50 करोड़ रूपये की लागत से रानीबाजार रेलवे क्रॉसिंग के नीचे आरयूबी बनाने का फैसला लिया गया। काम शुरू हुआ और 34 बॉक्स व 18 एल टाइप वॉल बना दी गई।

जुलाई, 22 तक आरयूबी बनकर तैयार होना था, लेकिन पहले मानसून के कारण काम रूका और फिर यूआईटी और रेलवे ब्लॉक पर एकराय नहीं हो पाए जिससे निर्माण उलझकर रह गया है। बॉक्स और वॉल लगाने के लिए रेलवे को ट्रैफिक मैनेज कर ब्लॉक देना था। यूआईटी ने रेलवे को पत्र लिखकर 10 नवम्बर को ब्लॉक मांगा पर उससे पहले की तैयारियां ही नहीं की। रेल लाइन के नीचे स्टेट टाइम के नाले को ठीक करने के बाद अब दोबारा से 28 दिसम्बर को ब्लॉक मांगा गया है। इसके लिए पिछले दिनों यूआईटी और रेलवे के अधिकारियों ने मीटिंग की। अब 28 दिसम्बर को भी ब्लॉक मिलेगा या नहीं अभी फाइनल नहीं हुआ है। दोनों विभागों की ढिलाई के कारण जनता परेशान है। यूआईटी के अधिकारियों का कहना है कि रेलवे 29 या 30 दिसम्बर को ब्लॉक दे सकता है। रानी बाजार रेलवे क्रॉसिंग का आरयूबी 400 मीटर लम्बा और नौ मीटर चौड़ा होगा। क्रॉसिंग के सेंटर प्वाइंट से दोनों ओर 200-200 मीटर लंबाई होगी। आरयूबी अम्बेडकर सर्किल पर राठी पेट्रोल पम्प से करीब 8-10 मीटर आगे से शुरू होकर रानीबाजार में सूरज टॉकीज मोड़ के पास तक बनेगा। टू लेन आरयूबी नौ मीटर चौड़ा होगा। दोनों साइड चार-चार मीटर और बीच में एक मीटर का गैप रहेगा।

## पार्षद का आमरण अनशन जारी

**अनूपगढ़,** (कासं)। नगर पालिका की एआरआई बबीता शर्मा और वार्ड नंबर 10 के पार्षद राजू के मध्य विवाद बढ़ता ही जा रहा है। वार्ड नंबर 10 के पार्षद राजू के समर्थन में वार्ड नंबर 18 के पार्षद राजेन्द्र चलाना ने आमरण अनशन दूसरे दिन शुक्रवार को भी जारी है।

पार्षद राजेन्द्र चलाना ने बताया कि वह अपनी मांग पर अडिग है और जब तक एआरआई बबीता शर्मा को सस्पेंड नहीं कर दिया जाता उनका आंदोलन जारी रहेगा। पार्षद राजू ने बताया कि कुछ दिनों पूर्व एआरआई बबीता शर्मा के द्वारा उनके साथ दुर्व्यवहार किया गया था और थप्पड़ मारने का प्रयास करते हुए धक्का दिया था। एआरआई बबीता शर्मा के इस कृत्य से उनके मान सम्मान को ठेस पहुंची है।

पालिका के पार्षद गण उसी समय से एआरआई बबीता शर्मा को सस्पेंड करने की मांग कर रहे हैं। कई बार पार्षदों और नगर पालिका प्रशासन के मध्य वार्ता भी हुई मगर वार्ता का कोई भी नतीजा नहीं निकला।

# बजरी से भरे चलते ट्रेलर में लगी आग

- चालक ने समझदारी दिखाकर ट्रेलर के पीछे लगी ट्रक की बॉडी को अलग किया
- आगे का हिस्सा जलकर राख

**बीकानेर,** (कासं)। जयपुर नेशनल हाईवे पर बजरी से भरे ट्रेलर में अचानक आग लग गई। हालांकि इस हादसे में कोई घायल नहीं हुआ लेकिन आग से ट्रेलर के आगे का हिस्सा काफी जल गया। चालक ने बुद्धिमानी दिखाते हुए ट्रेलर के पीछे के हिस्से को अलग कर दिया।

दरअसल शुक्रवार सुबह बजरी से भरा एक ट्रेलर श्रीडूंगरगढ़ से बीकानेर की ओर जा रहा था। इसी दौरान शेरुणा गांव के पास इस ट्रेलर से धुआं निकलता दिखाई दिया। किसी राहगीर ने ट्रेलर चालक को चेताया तो उसने किनारे रोक लिया। आग बढ़ने की आशंका को देखते हुए उसने ट्रेलर के पीछे के हिस्से को अलग कर दिया। आग ट्रेलर में लगे टायर से लगी थी। इस आग ने धीरे धीरे ट्रेलर को अपनी चपेट में ले लिया। ट्रेलर को काफी नुकसान हुआ है। हाइवे पर दोनों तरफ से आ रही गाड़ियों को एक बार रोक दिया गया। जिससे दोनों तरफ जाम लग गया। बाद में शेरुणा पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने बाद में रास्ता खुलवाया। आग बुझाने के लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं। वहीं बजरी सड़क पर फैल गई। गनीमत रही कि ट्रेलर पूरा चपेट में नहीं आया। इससे पहले राहगीरों ने ड्राइवर को चेतावनी दे दी। जिससे ड्राइवर व खलासी को नुकसान नहीं हुआ। पुलिस आग लगने के कारणों का पता लगा रही है।

# फल विक्रेता ने फांसी लगा जान दी

- खाना खाकर रात को घर के ऊपर बने कमरे में फंदा लगाकर जान दी

**श्रीगंगानगर,**(कासं)। जिले के रायसिंहनगर के वार्ड दो में करीब डेढ़ बजे एक फल विक्रेता ने घर के ऊपर बने कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी।

फल विक्रेता के परिवार को सुबह इसकी जानकारी मिलने पर घर में कोहराम मच गया। परिवार के लोगों ने इसकी जानकारी रायसिंहनगर पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे एसएचओ गणेश कुमार ने मौका मुआयना किया और परिवार के लोगों से घटनाक्रम के बारे में जानकारी जुटाई।

फल विक्रेता संजय कुमार (32) पुत्र राजकुमार अविवाहित था। वह रायसिंहनगर के मुख्य बाजार में फलों का ठेला लगाता था। वह ठेला लगाकर घर लौटा था। इस दौरान वह सामान्य था।

उसने खाना खाया और रात को घर के ऊपर बने कमरे में चला गया। वहां उसने छत के कुंडे से फंदा बनाकर जान दे दी। घटना के समय घर में युवक के माता-पिता ही थे। उन्हें युवक के सुसाइड करने की जानकारी मिली तो घर में कोहराम मच गया।

एसएचओ गणेश कुमार ने बताया कि कस्बे के वार्ड दो में युवक ने सुसाइड किया है। युवक फल बेचने का काम करता था। सुसाइड के कारणों का पता नहीं लग पाया है।

## कलश यात्रा के साथ भागवत

**बीकानेर,** (कासं)। रानी बाज़ार चौपड़ा कटला शिव मंदिर बगीची में श्रीमदभागवत का आयोजन वृंदावन धाम के सानिध्य में कलश यात्रा के साथ सुबह 10 बजे से प्रारम्भ किया जायेगा। सुप्रसिद्ध सूरजपुरा धाम मध्यप्रदेश के पीठाधीश द्वारा अनेक गंभीर बीमारियों का इलाज भी हिन्दू मंत्रोचार से किया जायेगा।

वृंदावन धाम के कथा वाचक ओमप्रकाश शास्त्री ने बताया कि भागवत पुराण हिन्दुओं के अट्ठारह पुराणों में से एक है। इसे श्रीमदभागवतम् या केवल भागवतम् भी कहते हैं। इसका मुख्य वर्ण्य विषय भक्ति योग है, जिसमें कृष्ण को सभी देवों का देव या स्वयं भगवान के रूप में चित्रित किया गया है। इसके अतिरिक्त इस पुराण में रस भाव की भक्ति का निरुपण भी किया गया है।

# एआरआई बबीता के समर्थन कर्मचारियों की पेन डाउन हड़ताल

- कर्मचारियों ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि अगर बबीता शर्मा के खिलाफ कोई भी कार्रवाई की जाती है तो पूरे शहर में झाड़ू डाउन कर दी जायेगी

**अनूपगढ़,** (कासं)। नगर पालिका में आमजन का कार्य रूक गया है और समस्याओं का निस्तारण भी नहीं हो पा रहा है। क्योंकि नगर पालिका के सभी कर्मचारियों ने वार्ड पार्षद राजू और एआरआई बबीता शर्मा के विवाद होने पर एआरआई बबीता शर्मा के समर्थन में अनिश्चितकालीन पेन डाउन हड़ताल कर दी है।

कर्मचारियों ने प्रशासन से मांग की है कि एआरआई बबीता शर्मा के द्वारा अनूपगढ़ पुलिस थाने में जो मुकदमा दर्ज करवाया गया है। उस मुकदमे में दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। कर्मचारियों ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि अगर बबीता शर्मा के खिलाफ कोई भी कार्रवाई की जाती है तो पूरे शहर में झाड़ू डाउन कर दी जायेगी। आज पेन डाउन हड़ताल के दौरान कर्मचारियों ने बताया कि पार्षद के द्वारा एआरआई बबीता शर्मा के साथ दुर्व्यवहार किया गया था और राजकार्य में बाधा पहुंचाई थी। मगर फिर भी बबीता शर्मा के द्वारा माफी मांग ली गई थी। मगर पार्षद जानबूझकर एआरआई पर दबाव बनाना चाहते हैं और अपनी मनमर्जी कर रहे हैं। कर्मचारियों ने बताया कि उनका संगठन मजबूत है और पूरा संगठन एआरआई बबीता शर्मा के समर्थन में खड़ा है। आवश्यकता पड़ने पर आंदोलन को और भी अधिक तेज किया जा सकता है।

कर्मचारियों ने बताया कि अगर पार्षदों की मांग पर एआरआई बबीता शर्मा के खिलाफ कोई भी कार्रवाई की जाती है तो नगर पालिका के समस्त सफाई कर्मी भी झाड़ू डाउन कर आंदोलन में शामिल होंगे।

# शिक्षा मंत्री के गृह जिले में शिक्षकों के रिक्त पद भरने के लिए ग्रामीणों का प्रदर्शन

**बीकानेर,** (कासं)। शिक्षा मंत्री के गृह जिले में शिक्षकों के रिक्त पदों को भरने के लिये लगातार आन्दोलन हो रहे हैं। शुक्रवार को भी लूणकरनसर तहसील के वांशिदों ने शिक्षकों के पदों को भरने के लिये कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर प्रशासन को खुली चेतावनी दी।

प्रदर्शनकारियों का कहना है कि अगर एक सप्ताह में रिक्त पदों को नहीं भरा गया तो अभिभावक व विद्यार्थी लूणकरनसर के सुई गांव से बीकानेर तक पैदल कूच कर शिक्षा निदेशालय का घेराव करेंगे। ग्रामीणों का कहना है कि रा.उ.मा.वि. सुंई में प्रधानाचार्य, वाइस प्रधानाचार्य एवं विषय अध्यापक (गणित, विज्ञान) एवं अन्य अध्यापकों के पद खाली हैं।

प्रधानाचार्य का पद वर्ष 2018 से खाली पड़ा है तथा विषय अध्यापक गणित, विज्ञान के पद भी काफी समय रिक्त चल रहे हैं। लेवल-2 के तीन



राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सुंई में शिक्षक लगाने की मांग को लेकर लूणकरनसर के ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया।

- रा.उ.मा.वि. सुंई में प्रधानाचार्य, उप प्रधानाचार्य एवं विषय अध्यापक (गणित, विज्ञान) एवं अन्य अध्यापकों के पद खाली है

अध्यापकों का स्थानातंरण अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में कर दिया गया। उन अध्यापकों के स्थानांतरण बावजूद भी वेतन सुई रा.उ.मा.वि. से उठा रहे हैं। अध्यापक प्रधानाचार्य एवं अध्यापकों की कमी के कारण विद्यार्थियों की पढ़ाई बाधित हो रही है। विद्यालय में 600 छात्र-छात्रायें हैं।

वहीं हनुमानगढ़ जिले के राजकीय महाविद्यालय, टिब्बी प्रागंण में शुक्रवार को तीन दिवसीय आत्म सुरक्षा प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन पुलिस एएसआई गायत्री के निर्देशन में प्रशिक्षक इन्द्रा चौधरी कांस्टेबल व गायत्री बिश्नोई कांस्टेबल द्वारा बेटियों को असामाजिक तत्वों से बचाव के लिए आत्मसुरक्षा के गुर सिखाए। प्रशिक्षण में छात्राएं छोटी-छोटी समस्याओं को साझा करते हुए उत्साह से भाग ले रही है।

## वाहन की टक्कर से घायल

**अनूपगढ़,** (कासं)। अनूपगढ़ गांव 75 जीबी के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे आसपास के लोगों ने अनूपगढ़ के राजकीय चिकित्सालय में भर्ती करवाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद घायल व्यक्ति को हायर सेंटर के लिए रैफर कर दिया है।

जानकारी के अनुसार घायल बलवीर सिंह (60) पुत्र गारा सिंह रायसिख अनूपगढ़ के वार्ड नंबर 30 का निवासी है। सूचना मिलने पर घायल के परिजन भी राजकीय चिकित्सालय पहुंच गए थे। प्रत्यक्षदर्शी मोहन सिंह ने बताया कि वह रामसिंहपुर से अनूपगढ़ की ओर आ रहा था। जब वह गांव 75 जीबी के पास पहुंचे तो घायल अवस्था में एक व्यक्ति सड़क पर पड़ा हुआ था। वह साथी के साथ बाइक पर घायल को राजकीय चिकित्सालय लेकर आया और घायल का इलाज शुरू करवाया। सूचना मिलने पर घायल के परिजन मौके पर पहुंचे।

# एटीएम चोर गिरोह के 6 सदस्य गिरफ्तार

- गिरोह के एक सदस्य पर हत्या जबकि दूसरे पर एटीएम लूट के करीब 8-10 मामले दर्ज हैं

**हनुमानगढ़,**(कासं)। गुरूसर मोडिया गांव में एटीएम से रूपये चोरी करने की फिराक में घूम रहे गिरोह के 6 सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरोह में 2 दंपती शामिल हैं।

पुलिस ने आरोपियों के पास से 2 सिलेंडर, एक एलपीजी और एक ऑक्सीजन सिलेंडर, गैस कटर, चाकू, लोहे की रॉड, एक थ्री व्हीलर बरामद की है। कैंचियां चौकी प्रभारी एएसआई कृष्ण सारस्वत ने बताया कि चोरों की पहचान संदीप (20) पुत्र विजय शर्मा निवासी परशुराम नगर पीएस कैनाल बठिंडा, जगजीत उर्फ आशु पुत्र गुरमीत निवासी मानसा पंजाब, राजविन्द्र उर्फ राजवीर (20) पुत्र मेजरसिंह निवासी बल्लुआना पीएस कैनाल बठिंडा, अनमोल (20) पुत्र विजय गोयल निवासी बठिंडा, अंजली उर्फ आलिया पत्नी जगजीत उर्फ आशु, नेहा पत्नी राजविन्द्र उर्फ राजवीर के रूप में हुई है।

गिरोह सदस्यों पर अलग-अलग पुलिस थानों में पहले से कई मामले दर्ज हैं। ये काफी समय से चोरी-लूटपाट की वारदातें कर रहे थे। गिरोह का एक सदस्य हत्या के मामले में जमानत पर जेल से बाहर आया हुआ है। जबकि एक पर एटीएम लूट के करीब 8-10 मामले दर्ज हैं। एक महिला पर एनडीपीएस के आरोप में मामला दर्ज है। बताया जा रहा है कि गिरोह के सभी सदस्य गांव गुरूसर मोडिया में एटीएम मशीन तोडने की फिराक में थे। इन्होंने कैंचियां में भी गैस वेल्डिंग की दुकान में चोरी की थी। वहीं चूनावढ़ थाना क्षेत्र के तोतारसर गांव में एटीएम चोरी का प्रयास किया था।